DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
PERIODIC ASSESSMENT-I (2022-23)

- Please check that this question paper contains ____ printed pages.
- Check that this question paper contains________ questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

CLASS - VIII
SUBJECT : LOWER HINDI

Time : 1 ½ Hours **Maximum Marks: 40**

निर्देश:

(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- (क), (ख), (ग) और (घ) ।

(ii) सभी खंडों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड (क) अपठित बोध (5)

Q1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)

प्रदूषण का अर्थ है - वातावरण अथवा वायुमंडल का खराब होना और उसका संतुलन डगमगा जाना विज्ञान के इस युग में मनुष्य ने जहाँ कुछ वरदान पाए हैं वहीं प्रदूषण जैसा अभिशाप भी पाया है । प्रदूषण के कारण मनुष्य के स्वस्थ जीवन को खतरा पैदा हो गया है । वह खुली हवा में साँस लेने तक को तरस गया है । प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संतुलन में दोष उत्पन्न हो गया है जिसके फलस्वरूप असाध्य रोग जन्म ले रहे हैं । प्रदूषण को बढ़ाने में कल-कारखाने, वैज्ञानिक साधनों का अधिक उपयोग फ्रीज, कुलर, उर्जा संयंत्र आदि भी दोषी हैं । इतना ही नहीं अब तो भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के भी गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं । यद्यपि प्रदूषण की समस्या विश्वव्यापी है , फिर भी वृक्षारोपण इसे रोकने का सर्वोत्तम उपाय है । रसायनिक खादों का कम प्रयोग, प्रदूषित जल को साफ़ करने के संयंत्रों की स्थापना, ध्वनि नियंत्रक यंत्रों का प्रयोग करके भी प्रदूषण को कम किया जा सकता है । आज सबसे बड़ी जरूरत है - जन-जागृति की, जिसे स्वयंसेवी संस्थाओं, संचार माध्यमों के द्वारा किया जा सकता है ।

(क) प्रदूषण का क्या अर्थ है ?

(ख) प्रदूषण को बढ़ाने में कौन दोषी है ?

(ग) प्रदूषण को कैसे कम किया जा सकता है ?

(घ) आज की सबसे बड़ी जरूरत क्या है ?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

खंड - ख (व्याकरण) (10)

Q2. (क) उचित स्थान पर बिंदु ( ) लगाइए । **(2)**

प्रारभ, सबध

(ख) सर्वनाम छाँटिए । (1)

मैं आगे पढ़ना चाहता हूँ ।

(ग) चंद्रबिंदु वाला सही शब्द छाँटिए । (1)

कँरूगा, कँहा, आशाएँ

(घ) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (3)

(i) जो भारत में रहता हो -

(ii) जहाँ छात्र रहते हैं

(iii) नगर में रहने वाला -

(ङ) सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए । (2)

(i) रवि ने दीवार पर कील ---------------------। (गाड़ी /गाढ़ी)

(ii) मैं दो कदम आगे ---------------------। (बड़ा / बढ़ा)

(च) संज्ञा शब्द छाँटिए । (1)

बच्चे छाँव में खेलेंगे ।

खंड - ग (पाठ्यपुस्तक) (20)

Q3. इन प्रश्नों के उचित उत्तर **एक शब्द में** दीजिए ।

(क) घेरे की पहेली सुलझाने के लिए किसे बुलाया गया ? (1)

(ख) वल्लभ भाई किसके सिद्धान्तों से प्रभावित हुए ? (1)

(ग) वल्लभ भाई ने अपने इंग्लैंड जाने का टिकट किसे दे दिया ? (1)

(घ) पेड़ कविता के कवि का नाम क्या है ? (1)

(ङ) पेड़ के तने से कौन अपनी पीठ खुजाती है ? (1)

Q4. इन प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य में** दीजिए ।

(क) रात को सोते समय पेड़ कौन से सपनों में खो जाएँगे ? (1)

(ख) कौन बीजों को धक्का देकर धीरे से जगाएगा ? (1)

(ग) वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि किसने दी ? (1)

(घ) बालक वल्लभ अपने पिता से किस बात के लिए प्रार्थना कर रहा था ? (1)

(ङ) तख्त के चारों ओर घेरा लगाने का क्या मतलब था ? (1)

Q5. इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए ।

(क) सरदार पटेल ने अहमदाबाद की सभा में क्या कहा ? (2)

(ख) होजा ने बादशाह के कौन से प्रस्ताव को ठुकरा दिया और क्यों ? (2)

(ग) पेड़ किस समय और कैसे खाना खाएँगे ? (2)

Q6. इस प्रश्न का उत्तर विस्तार से दीजिए । (60 से 80 शब्दों में) (4)

पेड़ों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है ? इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

खंड - ग (लेखन) (5)

Q7. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए । **(80-100 शब्दों में)**

(क) मेरा प्रिय नेता (ख) सपनों का भारत (ग) अगर मैं अध्यापक होता

****